प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

5 मार्च 2025

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 5 मार्च 2025 को मुंबई में चुनिंदा गैर-बैंक भुगतान प्रणाली परिचालकों और फिनटेक के साथ बैठक की

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज गैर-बैंक भुगतान प्रणाली परिचालकों और फिनटेक के साथ-साथ उनके संघों/ एसआरओ के साथ वार्तालाप की। यह वार्तालाप भुगतान और फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ रिज़र्व बैंक की सहभागिता की श्रृंखला का एक हिस्सा थी। इस बातचीत में उप गवर्नर श्री एम. राजेश्वर राव, श्री टी. रबी शंकर और श्री स्वामीनाथन जे. के साथ-साथ भुगतान, फिनटेक और विनियमन के प्रभारी कार्यपालक निदेशक भी शामिल हुए।

गवर्नर ने अपने भाषण में भारत की वित्तीय प्रणाली और अर्थव्यवस्था की संवृद्धि में भुगतान प्रणाली के सहभागियों, अकाउंट एग्रीगेटरों, डिजिटल ऋण सेवा प्रदाताओं सहित फिनटेक द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। गवर्नर ने जिम्मेदार नवाचार की आवश्यकता को रेखांकित किया और विनियामक क्षेत्र में नई संस्थाओं द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि रिज़र्व बैंक पारिस्थितिकी तंत्र के सहभागियों के साथ इस तरह की वार्तालाप को महत्वपूर्ण मानता है और परामर्शात्मक दृष्टिकोण अपनाना जारी रखेगा।

संवादात्मक सत्र के दौरान, प्रतिभागियों ने उभरते भुगतान और फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र, विभिन्न उद्योग स्तरीय पहलों और रिज़र्व बैंक से उनकी अपेक्षाओं पर अपनी प्रतिक्रियाएं साझा कीं।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2306